प्रेस नोट दिनाँक 02.07.2025

थाना चकरघट्टा पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टें के अन्दर चोरी की एक मोटरसाइकिल को बरामद कर 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

चन्दौली- पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे द्वारा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गए आदेश/निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन दिगम्बर कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी नौगढ़ आशुतोष के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना चकरघट्टा के नेतृत्व में थाना चकरघट्टा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01.07.2025 को बरवाडीह बाजार में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के कब्जें से चोरी की एक मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स वाहन नं0 UP 64 R 2318 को बरामद किया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान अनिल कुमार चेरो पुत्र रामविलास चेरो नि0 ग्राम बजरडीहा थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली उम्र करीब 25 वर्ष के रुप में हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 01.07.2025 को वादी रामअवध उर्फ परमोध वियार पुत्र स्व0 सियाराम वियार निवासी तेलंग थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि बरवाडीह बाजार थाना चकरघट्टा चन्दौली से मेरी मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स वाहन नं0 UP64 R 2318 चोरी हो गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 35/2025 धारा 303(2))/317(2) बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम व पता-

अनिल कुमार चेरो पुत्र रामविलास चेरो नि0 ग्राम बजरडीहा थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली उम्र 25 वर्ष

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 35/2025 धारा 303(2))/317(2) बी0एन0एस0

बरामदगी का विवरण-

एक मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स वाहन नं0 UP 64 R 2318

बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार थाना चकरघट्टा चन्दौली

2.हे0का0 अनिल कुमार सिह थाना चकरघट्टा चन्दौली

3.का0 बसन्त यादव थाना चकरघट्टा चन्दौली

4.का0 आन्नद कुमार मौर्य थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली